राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम डाटा एंट्री ऑपरेशंस
पाठ 5 : मेल मर्ज
कार्यपत्रक - 5

1. "रोज वैली स्कूल" दिसंबर 2015 के दूसरे सप्ताह में " एनुअल मीट" आयोजित कर रहा है। स्कूल के प्रिंसिपल 'मीट' में आने के लिए सभी माता-पिता को निमंत्रण कार्ड भेजना चाहते हैं। वह स्कूल के लोगों और स्कूल बिल्डिंग के वाटर मार्क को जोड़ना चाहते हैं।
   क) वर्ड प्रोसेसर का उपयोग करके इमेज को जोड़ने का एक सही तरीका सुझाएं।
   ख) मेल मर्ज फीचर का उपयोग करें और उसके लिए स्टेप्स लिखें। मेल मर्ज में आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के प्रकारों का भी उल्लेख करें।
   ग) एड्रेस लिस्ट को मर्ज करके चार लिफाफे बनाएं।

2. डॉक्यूमेंट बनाने के लिए वर्ड के मेल-मर्ज फीचर का उपयोग करें और विद्यार्थिओं के लिए व्यक्तिगत रिपोर्ट शीट बनाने के लिए किसी भी डेटा स्रोत का प्रयोग करें। प्रत्येक रिपोर्ट शीट निम्नलिखित फॉर्मेट की होनी चाहिए:

Dear <Parent Name>,

Following is the report sheet of your ward <Student name>, roll number <RollNum> , of class VIII-D.

Please sign the Report sheet and send it back.

Exam	Marks Obtained
Worksheet	<Marks in Worksheet>
Assignment	<Marks in Assignment>
Project	<Marks in Project>
Total	<Total>

Yours faithfully,

(Class Teacher)

3. सोहम ने मेल मर्ज करने के लिए स्टेप्स की एक सूची बनाई। लेकिन उसने यह करते समय कई गलतियाँ की हैं। नीचे दिए गए वाक्यों में गलतियों को सुधारें:

   i) डेटा स्रोत में पत्र का मुख्य भाग होता है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम डाटा एंट्री ऑपरेशंस
पाठ 5 : मेल मर्ज
कार्यपत्रक - 5

ii) टेक्स्ट और ग्राफिक्स वाले मुख्य डॉक्यूमेंट मर्ज किए गए डॉक्यूमेंट के प्रत्येक संस्करण के लिए अलग-अलग हैं।

4. राज एक बैंक के साथ काम कर रहा है। वह दिल्ली से अपने होमटाउन पटना में स्थानांतरण करना चाहता है। दिल्ली शाखा प्रमुख ने उन्हें एक औपचारिक आवेदन लिखने और प्रतियाँ मुख्यालय, दिल्ली शाखा, पटना शाखा और प्रशासनिक कार्यालय को भेजने के लिए कहा। आवेदन लिखने के लिए राज को किस फीचर का उपयोग करना चाहिए? लिफाफे बनाने और प्रिंट करने के लिए स्टेप्स भी लिखें जिसमें राज का पता भी शामिल हो।

5. आयुषी के अपार्टमेंट में 15 अगस्त 2020 को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की योजना है। आयुषी को अपार्टमेंट के परिवारों को व्यक्तिगत निमंत्रण भेजने का दायित्व मिला है।

निम्नलिखित जानकारी के साथ एक डेटा स्रोत बनाएँ।

i) व्यक्ति का नाम   ii) पता 1   iii) पता 2

v) फोन नं.   v) स्थान   vi) समय   vii) तारीख

6. रीना ने एक डेटा स्रोत बनाया है, वह उसे एडिट करना चाहती है। डेटा स्रोत एडिट करने के लिए स्टेप्स का सुझाव दें।

7. एबीसी पब्लिक स्कूल एक स्कॉलर समारोह का आयोजन कर रहा है। वे समारोह में भाग लेने के लिए सभी स्कॉलरों के माता-पिता को निमंत्रण भेजना चाहते हैं। निंमंत्रण भेजने के लिए माता-पिता के पते के साथ लेबल को प्रिंट करने के लिए स्टेप्स लिखें।

8. वंशिका की टीचर ने उसे अपनी कक्षा के सभी बच्चों के साथ निमंत्रण शेयर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उसे पत्र के मुख्य भाग में प्रिय <छात्र का नाम >जैसे संबोधन संदेश का उपयोग करने के लिए भी कहा। इस कार्य को पूरा करने के लिए वंशिका द्वारा प्रयोग किए जाने वाले स्टेप्स का सुझाव दें।

9. सौरव ने मेल मर्ज फीचर का उपयोग करके एक डॉक्यूमेंट बनाया है। अब वह प्रिंट करने से पहले प्रत्येक पत्र का प्रिव्यू करना चाहता है। प्रत्येक पत्र का प्रिव्यू करने के लिए स्टेप्स लिखें।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चटतर माध्यमिक पाठ्यक्रम डाटा एंट्री ऑपरेशंस

पाठ 5 : मेल मर्ज

कार्यपत्रक - 5

10. साहिल ने अपने पत्र में स्टेप बाय स्टेप मेल मर्ज विज़ार्ड का उपयोग किया है और सभी फील्ड जैसे नाम, पता, पिन कोड, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी को इंसर्ट किया है। अंतिम स्टेप को पूरा करने से पहले, वह अपने डॉक्यूमेंट से ई-मेल आईडी फील्ड को हटाना चाहता है। इंसर्ट किए गए फील्ड को हटाने के लिए स्टेप्स लिखें।